F.No.- CSU-LKO/2025-2026/Dir/01/

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर**

विशाल खण्ड-04, गोमती नगर, लखनऊ - 226010

शुभसंवत् 2082, भादव कृष्ण, 6, 14 अगस्त, 2025

# सूचना / Notice - 62

सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15 अगस्त, 2025 को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर माननीय कुलपति महोदय द्वारा ध्वजारोहण किया जायगा। जिसके लिए हम सभी प्रातः 7:50 बजे के पूर्व परिसर में उपस्थित होंगे। कुलपति महोदय द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात् उसी स्थान पर निदेशक द्वारा ध्वजारोहण किया जायगा। तत्पश्चात् प्रातः 8:10 पर हम सभी निर्धारित स्थान पर बैठेंगे और माननीय कुलपति महोदय का उद्बोधन सुनेंगे। निर्धारित स्थानों का विवरण–

परिसर में ध्वजारोहण के पश्चात् शिक्षाशास्त्र विभाग के छात्र कक्ष संख्या 45 में, आचार्य एवं एम.ए. पालि के छात्र कक्ष संख्या 28 में, बी.ए. ऑनर्स संस्कृत एवं सिविल सर्विसेज अध्ययन के छात्र कक्ष संख्या 44 में, प्राक्शास्त्री तथा शास्त्री के छात्र एवं सभी कक्षाओं की छात्राएँ एवं शोधच्छात्र कक्ष संख्या 32 में कुलपति महोदय के कार्यक्रम में ऑनलाइन सहभागिता के लिए स्थान ग्रहण करेंगे।

शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा अध्यक्ष प्रो. अवनीश अग्रवाल शिक्षाशास्त्री छात्रों के साथ कक्ष संख्या 45 में रहेंगी, प्रो. गणेश शंकर विद्यार्थी, डॉ. रुद्रनारायण नरसिंह मिश्र, डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय, प्रो. अवनीश अग्रवाल की सहायता के लिए कक्ष संख्या 45 में रहेंगे ।

कक्ष संख्या 28 में छात्रों की व्यवस्था के लिए प्रो. धनीन्द्र कुमार झा, प्रो. पवन कुमार एवं डॉ. प्रफुल्ल गडपाल उपस्थित रहेंगे। कक्ष संख्या 44 में छात्रों की व्यवस्था के लिए डॉ. रविकान्त तिवारी एवं डॉ. शेषमणि शुक्ल उपस्थित रहेंगे। परिसर के शेष सभी शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी कक्ष संख्या 32 में छात्रों के साथ उपस्थित रहेंगे ।

कार्यक्रम के बाद निम्नलिखित शिक्षक एवं कर्मचारी सभी कक्षों में मिष्ठान्न आदि का वितरण करेंगे।

डॉ. एस. पी. सिंह, डॉ. राहुल कुमार मिश्र, श्रीमती ज्योति सिंह, श्री वेदप्रकाश, श्री विवेक कुमार सिंह, श्री रामचन्द्र (विजय), कक्ष संख्या 32 में मिष्ठान्न वितरण करेंगे ।

कक्ष संख्या 45 में डॉ. रुद्रनारायण नरसिंह मिश्र एवं श्री सहजराम मिष्ठान्न वितरण करेंगे।

कक्ष संख्या 28 में डॉ. अनिरुद्ध नारायण शुक्ल, डॉ. शेषमणि शुक्ल और श्री कुलदीप मिष्ठान्न वितरण करेंगे।

कक्ष संख्या 44 में डॉ. रविकान्त तिवारी एवं श्री चन्दन मिष्ठान्न् वितरण करेंगे।

ध्वजारोहण समारोह की सम्पूर्ण व्यवस्था डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ. रुद्रनारायण नरसिंह मिश्र, श्रीमती ज्योति सिंह, डॉ. रविकान्त तिवारी एवं श्री प्रेम कुमार करेंगे।

प्रो. गणेश शंकर विद्यार्थी, डॉ. रुद्रनारायण नरसिंह मिश्र, श्रीमती ज्योति सिंह, डॉ. रविकान्त तिवारी NSS के छात्रों द्वारा गणवेष में परेड एवं ध्वज की सलामी का प्रबन्ध करेंगे। माइक का प्रबन्ध श्री प्रेम कुमार, श्री हर्षित निगम एवं श्री प्रवीण कुमार करेंगे। स्वच्छता व्यवस्था श्री कौशल सैनी, रामचन्द्र (विजय) और कुलदीप करेंगे।

(प्रो. सर्वनारायण झा)
निदेशक

प्रतिलिपि–

1 उपर्युक्त सभी को सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु
2. प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी, सह–निदेशक
3 कार्यालय आदेश सञ्चिका
4. कार्यावण्टन सञ्चिका
5 सम्बद्ध सञ्चिका
6 समन्वयक, आईक्यूएसी के लिए श्री प्रवीण कुमार, डीईओ एवं डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, डीईओ
7 वेबसाइट पर अपलोड हेतु श्री मुकुल कुमार मिश्र, तकनीकी सहायक
8 निदेशक कार्यालय प्रति श्री विकास चन्द्र जैन, डीईओ को इस आशय से कि कार्यक्रम प्रतिवेदन, जियो टैग के साथ फोटो / वीडियो आदि कम्प्यूटर में और पोर्टेबल हार्डडिस्क में सुरक्षित रखेंगे।

निदेशक